यूएफसीडब्ल्यू मांसपैकिंग श्रमिकों और अमेरिका की खाद्य आपूर्ति की रक्षा के लिए यूएसडीए और व्हाइट हाउस से मांग कर रहा है

30 अप्रैल, 2020
हिन्दी अनुवाद

पिछले हफ्ते यूएफसीडब्ल्यू ने यूएस कृषि विभाग (यूएसडीए) के सचिव सोनी पेरड्यू से आग्रह करते हुए एक पत्र भेजा जिसमें लिखा है कि वे कोविड-19 कोरोनावायरस के प्रकोप के दौरान मांसपैकिंग और खाद्य प्रसंस्करण श्रमिकों और देश की खाद्य आपूर्ति की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करें, जिसमें परीक्षण और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) भी शामिल हैं। यूएफसीडब्ल्यू ने एक पत्र उप राष्ट्रियपति माइक पेंस को भी भेजा जो व्हाइट हाउस कोरोनावायरस टास्कफोर्स का नेतृत्व कर रहे है। उनसे इन श्रमिकों के लिए समान सुरक्षा कार्रवाइयों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। यूएफसीडब्ल्यू देश में 2,50,000 से अधिक मांस पैकिंग और खाद्य प्रसंस्करण श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करता है।

यूएसडीए सचिव पर्ड्यू और उप राषटीरीपति पेंस को लिखे पत्रों में यूएफसीडब्ल्यू ने मांस पैकिंग और खाद्य प्रसंस्करण श्रमिकों की सुरक्षा के लिए पांच तत्काल कदमों की रूपरेखा निम्नानुसार दी:

- **परीक्षण के लिए अत्यावश्यक सेवा प्रदाता श्रमिकों को प्राथमिकता दें:** श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने और खाद्य आपूर्ति की रक्षा करने के लिए जो अत्यावश्यक सेवा प्रदाता श्रमिक है जैसे कि मांसपैकिंग और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में है, उन्हें परीक्षण में प्राथमिकता दें।
- **पीपीई को तत्काल उप्लब्ध करये:** हालांकि कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक और शारीरिक दुरी बनाये रखना आवश्यक हैं, श्रमिकों को फिर भी पीपीई की ज़रुरत है जैसे कि मास्क और दस्ताने। वास्तविकता यह है कि हमारे कई सदस्यों के पास अपना काम करने के लिए और संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की कमी है। यह आवश्यक है कि व्हाइट हाउस टास्क फोर्स यूएसडीए के साथ संयोजन में पीपीई के लिए सभी मांसपैकिंग और खाद्य श्रमिकों को प्राथमिकता दें ताकी श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित और हमारी खाद्य आपूर्ति की सुरक्षा की जा सके।
- **लाइन स्पीड छूट पर तत्काल ठहराव:** इस महीने के पहले दो हफ्तों में, यूएसडीए के खाद्य और सुरक्षा निरीक्षण सेवा ने अपनी अधिकतम लाइन गति बढ़ाने के लिए पोल्ट्री संयंत्रों के लिए 11 विनियामक छूट को मंजूरी दी है। हमारी खाद्य आपूर्ति और श्रमिकों की रक्षा करने के बजाय ये छूट मांसपैकिंग लाइन में श्रमिकों की अधिक भीड़ बढाती है और अधिक श्रमिकों को वायरस को पकड़ने या फैलाने का जोखिम में डालती है। यह महत्वपूर्ण है कि यूएसडीए तुरंत कोई भी नई छूट देना बंद करें और सभी मौजूदा छूटों को निलंबित करें जो प्लांट्स को तेज गति से संचालित करने की अनुमति देते हैं।

- **जहाँ संभव हो वहां सामाजिक दुरी बनाने का आदेश दें:** श्रमिकों को बचाने और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए कंपनियों को छह फुट की सामाजिक और शारीरिक दुरी को लागू करना और उसका अमल करना चाहिए भले ही यह करने से उत्पादन धीमा हो जाए। जहाँ दूरियां संभव नहीं हैं तो कंपनियों को श्रमिकों को अलग करने और उनकी सुरक्षा के लिए प्लेक्सीग्लॉस अवरोधों का उपयोग करना चाहिए और/या यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी श्रमिकों के पास मास्क हो जो सुरक्षित रूप से इन चरम परिस्थितियों में उपयोग किया जा सकता है।
- **जिन श्रमिकों में कोविड-19 के लक्षण दिखे या जिनके संक्रमण की पुष्टि हो गयी है उन्हें अलग रखें:** साउथ डकोटा के सियॉक्स फॉल्स में स्मिथफील्ड फूड्स में आज तक के सबसे बड़े प्रकोप के मद्देनजर रखते हुए उन श्रमिकों की पहचान करना और अलग करना महत्वपूर्ण है जिनमें कोविड-19 के लक्षण दिखे या जिनके संक्रमण की पुष्टि हो गयी है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र द्वारा निर्धारित सिफारिशों के अनुसार इन श्रमिकों को भुगतान के साथ घर पर संगरोध करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

पिछले हफ्ते एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कॉल में यूएफसीडब्ल्यू ने कोविड-19 वायरस के गंभीर और घातक प्रभाव पर अद्यतन जारी किया। हाल ही के यूएफसीडब्ल्यू आंतरिक अनुमानों के अनुसार 20 मांसपैकिंग और खाद्य प्रसंस्करण श्रमिकों की मृत्यु हो गई है। इसके अलावा कम से कम 5,000 मांसपैकिंग श्रमिक और 1,500 खाद्य प्रसंस्करण श्रमिक इस वायरस से सीधे प्रभावित हुए हैं। सीधे प्रभावित होने वाले मांसपैकिंग और प्रसंस्करण श्रमिकों के अनुमानों में वह व्यक्ति शामिल हैं जिनका कोविड-19 का धनात्मक परीक्षण हुआ है, जो स्व-संगरोध के कारण काम पर ना जा सके, परीक्षण के परिणाम का इंतज़ार कर रहे है या अस्पताल में भर्ती हुए है और/या रोगसूचक हैं।

नए अनुमानो से यह भी पता चलता है कि पिछले दो महीनों में 22 संयंत्र, दोनों संघ और गैर-संघ, बंद हो गए हैं। इन बंदों ने 35,000 से अधिक श्रमिकों को प्रभावित किया है और सुअर मांस वध की क्षमता 25 प्रतिशत से घट गयी है और गोमांस वध की क्षमता 10 प्रतिशत से घट गयी है।

कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान पांच श्रमिकों ने अमेरिका के मांसपैकिंग कार्यबल के खतरे को बहुत ही व्यक्तिगत रूप से उजागर किया। उन्होंने उन महत्वपूर्ण जोखिमों पर चर्चा की जो उनके और उनके सहकर्मियों को हर दिन देश की सबसे बड़ी मांसपैकिंग सुविधाओं में से कुछ में सामना करना पड़ रहा है। इन श्रमिकों द्वारा उजागर की गई विशिष्ट जोखिमों में पीपीई की कमी, साथ ही साथ लाइन गति में वृद्धि जो सामाजिक दूरी को असंभव बना देती है जैसे जोख़िम शामिल थे।

"अमेरिका के खाद्य प्रसंस्करण और मांसपैकिंग श्रमिक अत्यधिक खतरे में है और हमारे देश की खाद्य आपूर्ति को कोरोनोवायरस प्रकोप से सीधा खतरा है। यदि इन संयंत्रों में श्रमिक उतने ही आवश्यक हैं जितने कि निष्कासित नेता कहते हैं तो यह समय आ गया हमारे निष्कासित नेता उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करें जिनकी श्रमिकों को ज़रुरत है। समझने में कोई गलती न करें कि इन श्रमिकों को कोरोनावायरस से बचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों

के बिना और अधिक जानें जाएगी, अधिक श्रमिकों को अवगत कराया जाएगा, और हमारी खाद्य आपूर्ति संकट में आ जाएगी," यूएफसीडब्ल्यू अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मार्क पेरोन ने कहा।

"जब सरकार इन अत्यावश्यक सेवा प्रदाता श्रमिकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने में विफल हो रही है उसका प्रभाव हम पुरे देश में देख रहे है। इसे परीक्षण और सुरक्षा उपकरण प्रदान करने और कंपनियों को स्पष्ट और प्रत्यक्ष सुरक्षा दिशानिर्देश जारी करने की आवश्यकता है, जिन्हें लागू करना चाहिए। शासन को परीक्षण और सुरक्षात्मक उपकरण प्रदान करने और कंपनियों को स्पष्ट और प्रत्यक्ष सुरक्षा दिशानिर्देश जारी करने और लागू करने की आवश्यकता है। यह केवल इस बारे में नहीं है कि हमारे परिवारों को खिलाने के लिए हमारे पास पर्याप्त गाय का मांस, चिकन और सूअर का मांस होगा। यह इन श्रमिकों के लिए जीवन और मृत्यु का मामला है," पेरोन ने जोड़ा।